हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
20 अप्रैल 2026, बरेली

PAGE NO : III BOTTOM

एसआरएमएस रिद्धिमा में कार्यक्रम रिद्म एंड बीट्स प्रस्तुति देते कलाकार।

रिद्धिमा में दी गई आशा भोसले को श्रद्धांजलि

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को इंस्टूमेंट कार्यक्रम रिद्म एंड बीट्स के जरिये गायिका आशा भोसले को याद किया गया। कार्यक्रम का आरंभ रिद्धिमा के वाद्ययंत्र गुरुओं सूर्यकांत चौधरी, सुरेंदर, अनुग्रह सिंह, विशेष सिंह ने किया। एमडीयू रोहतक के डा.सुरेंद्र रावत ने अपनी प्रस्तुति से आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने इन आंखों की मस्ती से, ये रातें ये मौसम नदी का किनारा, चुरा लिया है तुमने जो दिल को जैसे प्रसिद्ध गीतों के जरिये आशा भोसले को याद किया। कार्यक्रम का संचालन अरुणा गंगवार ने किया। इस अवसर पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा. रजनी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।